Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-97 सागवाड़ा, सोमवार,6 दिसम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## मांडवी चौक की नवी वाव को मिलेगी नई पहचान

### शहरवासियों को सब्जी मंडी और आधुनिक शौचालय की मिलेगी सौगात

**सागवाड़ा।** शहरी विकास में नगर पालिका एक ओर काम करने जा रही है।

अंदरूनी शहर स्थिति मांडवी चौक की नवी वाव अब न्यू लुक में नजर आएगी। नवी वाव क्षेत्र के जिर्णोद्धार का काम शुरू हो गया है। नगर पालिकाअध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया और उपाध्यक्ष राजुमामा शेख ने नवी वाव क्षेत्र में चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। नवी वाव के प्रवेशद्वार से लेकर आयुर्वेद अस्पताल तक बदवाल किया जा रहा है। पीक से सटी दिवारों को हेरिटेज लूक दिया जाएगा वहीं इसके प्रवेशद्वार को पहले से अधिक खुबसूरत बनाया जाएगा।



### सड़क से हटेंगे सब्जी के ठेले, अंदर शिफ्ट होंगे

नगर पालिकाअध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि शहरवासियों की मांग के अनुरूप मांडवी चौक क्षेत्र में सड़क पर खड़े रहने वाले सब्जी वालों को यहां शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए सब्जी मंडी क्षेत्र में सभी सुविधाएं की जा रही है। सड़क पर सब्जी के ठेले होने से शहर की संकरी गलियों में यातायात बाधित होता है। नवी वाव क्षेत्र के जीर्णोद्धार और रखरखाव पर पालिका 9 लाख रुपए खर्च कर रही है। यहां सब्जी वालों के लिए शेड लगा कर बैठने और छाया की व्यवस्था की जा रही है। यहां करबी 30 से अधिक सब्जी वालों को बैठाने की व्यवस्था की जा रही है।

### आधुनिक शौचालय और इंटरलॉकिंग

मांडवी चौक अंदरूनी शहर का व्यस्ततम क्षेत्र है। यहां शहर सहित आसपास के गांवों से भी लोग आते है। ऐसे में यहां आधुनिक शौचालय बनाया जा रहा है। साथ ही पूरे क्षेत्र में इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। यहां सफाई के विशेष प्रबंध किये जाएंगे।

साथ ही यहां गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## पीईईओ बडोदा में दो दिवस प्रशिक्षण प्रारम्भ

**आसपुर।** बडौदा पीईईओ के अन्तर्गत समस्त विधालयों का एसएमसी, एनडीएमसी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रधानाचार्य वखत सिंह की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस दक्ष एमटी डायालाल जोशी ने प्रशिक्षण दिया । महुआला, मठझरीयणा, बडौदा, भटवाडा, घाटी फला के समस्त सदस्य मौजूद रहे। प्रशिक्षण में धनपाल तेली, हिमेश कुमार भट्ट, ओम प्रकाश चौबीसा, सेठ अनील जैन, रमीला मेघवाल उपस्थित रहे।

## क्षतिग्रस्त सड़कों की तुरन्त मरम्मत करवायें: धारीवाल

**जयपुर।** नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन विभाग मंत्री शांति धारीवाल ने आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण को निर्देश दिये हैं कि वे जयपुर शहर की घनी आबादी क्षेत्रों में स्थित क्षतिग्रस्त सड़कों की तुरन्त मरम्मत करवायें।

धारीवाल ने आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण को निर्देश दिये हैं कि शहर की घनी आबादी क्षेत्रों में स्थित सड़कें काफी क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं जिनकी मरम्मत नहीं की गई है।

## विदेश से आने वाले लोग होंगे क्वारेंटाइन,1500 सैंपलिंग और 2 लाख वैक्सीन लगाने का टारगेट

**डूंगरपुर।** कोरोना पॉजिटिव केस आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य विभाग कुवैत के साथ ही विदेश से आने वाले हर व्यक्ति पर निगरानी रख रहा है। कोरोना के सैंपलिंग के साथ ही वैक्सीनेशन बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि डूंगरपुर में कुवैत से लौटी 2 महिलाओं के पॉजिटिव आने के बाद बड़े पैमाने पर सैंपलिंग की गई। इसके बाद गलियाकोट में महिला का बेटा और एक पड़ोसी महिला पॉजिटिव आई। शहर के शास्त्री कॉलोनी की महिला पॉजिटिव आई। दोनों के कुवैत की ट्रैवल हिस्ट्री है। अब कुवैत से आने वाले हर व्यक्ति का रिकॉर्ड जुटाया जा रहा है। विदेश से आने वाले लोगों को पहले क्वारंटाइन किया जाएगा। सैंपलिंग के बाद रिपोर्ट नेगेटिव आने पर ही बाहर जाने की इजाजत होगी। सीएमएचओ ने बताया कि शहर के शास्त्री कॉलोनी से 53 लोगों के सैम्पल लिए गए है, उनकी रिपोर्ट आना बाकी है। महिला और उनके परिवार के लोगों के संपर्क में आने वाले लोगों की हिस्ट्री खंगाली जा रही है। हालांकि सैंपल लेने वाले किसी भी व्यक्ति में लक्षण नहीं है। रोज 1500 सैंपल लेने के निर्देश दिए है। इससे व्यक्ति में कोरोना के लक्षणों का तुरंत पता लग सकेगा और उनका इलाज हो सकेगा। वहीं जिले में अगले 2 दिनों में 2 लाख वैक्सीनेशन का टारगेट भी दिया गया है।

### शास्त्री कॉलोनी में कोरोना पॉजिटिव महिला का मिष्ठान भंडार संचालक भाई और भतीजा भी पॉजिटिव

**डूंगरपुर।** शहर के शास्त्री कॉलोनी में एनआरआई महिला के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद उसी के परिवार में उसका भाई और 10वी कक्षा में पढ़ने वाला भतीजा भी पॉजिटिव आया है। संक्रमित भाई शहर में एक मिष्ठान भंडार का संचालक है जबकि उसका बेटा निजी स्कूल में पढ़ाई करता है। इसके साथ जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 6 हो गई है।

सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि शहर के शास्त्री कॉलोनी में पॉजिटिव आई एनआरआई महिला के परिवार समेत कॉलोनी के 53 लोगों के सैंपल लिए गए थे। इन सैंपल की रिपोर्ट आज सोमवार दोपहर को आई है। रिपोर्ट में महिला का 49 वर्षीय भाई और 16 वर्षीय भतीजा पॉजिटिव आए है। पॉजिटिव आया भाई शहर में शास्त्री कॉलोनी रोड पर ही एक मिठाई की दुकान का संचालक है। जबकि उसका बेटा शहर के एक निजी स्कूल में 10वी कक्षा की पढ़ाई करता है। पिता-पुत्र के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके घर पंहुच गई, हालांकि दोनों में किसी तरह नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने दवाइयां दे दी है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें अब मिष्ठान भंडार संचालक भाई के साथ ही 10वी में पढ़ने वाले भतीजे की क्लोज कॉन्टेक्ट में आने वाले लोगों को ट्रेस कर रहा है। उन लोगों की पहचान करते हुए स्वास्थ्य विभाग सैंपलिंग करवाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों की समय पर पहचान कर इलाज किया जा सके। वहीं स्कूल में भी अब बच्चो के कोरोना टेस्ट लिए जाएंगे। डूंगरपूर जिले में पांच दिनों में कोरोना एक्टिव केस की संख्या भी बढ़कर 6 हो गई है।

## 2 लाख 88 हजार परिवारों को मिलेगा गेहूं, 12 लाख लोगों को लाभ मिलेगा

### 5 हजार 952 मैट्रिक टन गेंहू हर महीने बंटेगा

**डूंगरपुर।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का तीसरे चरण में अगले तीन महीने तक चयनित परिवारों को मुफ्त राशन मिलेगा। डूंगरपुर जिले में 12 लाख लोगों को योजना का लाभ मिलेगा। कोरोना संक्रमण के बाद जरूरतमंद परिवारों को अनाज देने के लिए केंद्र सरकार ने यह योजना शुरू की थी।

कार्यवाहक रसद अधिकारी विपिन चन्द्र जैन ने बताया कि योजना नवम्बर 2021 तक थी लेकिन केंद्र सरकार ने वापस चयनित परिवारों को लाभ दिए जाने की घोषणा की है। जिले में करीब 2 लाख 88 हजार परिवारों के करीब 12 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में प्रति सदस्य पांच किलो गेंहू तीन महीने तक नि:शुल्क दिया जाएगा। इसके साथ ही नियमित राशन वितरण भी जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना नवम्बर 2021 तक थी। अब सरकार ने मार्च 2022 तक बढ़ा दिया है। 5 हजार 952 मेट्रिक टन गेंहू का पात्र परिवारों को हर महीने निऱ्शुल्क बांटा जाएगा। उन्हें 5 किलो प्रति यूनिट निऱ्शुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है। विभाग की ओर से गेंहू का उप आवंटन कर रिलीज ऑर्डर जारी करवा लिए गए है। शीघ्र ही गेंहू उठाव कर राशन की दुकानों तक पहुंचाया जा रहा है।

## सीबीएसई बोर्ड से संबंधित स्कूलों के बच्चे 9 को प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखेंगे

**डूंगरपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 75 लाख पोस्टकार्ड केम्पैन चलाया जा रहा है। यह अभियान भारतीय डाक विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संपूर्ण भारत के सभी जिलों में 1 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2021 तक चलेगा। इसके तहत प्रधानमंत्री को 75 लाख पोस्टकार्ड लिखने का लक्ष्य है।

अधीक्षक डाकघर डूंगरपुर मंडल बताया कि इस अभियान में सभी राज्य शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड से संबंधित स्कूलों के कक्षा-4 से 12वीं तक के छात्र भाग ले रहे है। प्रतिभागी स्वतंत्रता संग्राम के अनसुने नायक अथवा वर्ष 2047 के भारत की मेरी परिकल्पना विषय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित करते हुए पोस्टकार्ड लिखेंगे। उन्होंने बताया कि संबंधित संस्था प्रधान अपने विद्यालय में पोस्टकार्ड लेखन का आयोजन करायेंगे। यह पोस्टकार्ड का लेखन हिन्दी, अंग्रेजी या संविधान की अनुसूची के अन्तर्गत अनुसूचित 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा में होगा। अभियान के अन्तर्गत किसी भी दिन संबंधित संस्था प्रधान एवं प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय में पोस्टकार्ड लेखन करायेंगे। इसके लिए भारतीय डाक विभाग ने नोडल ऑफिसर नियुक्त किये है। उन्होंने बताया कि नोडल ऑफिसर, संस्था प्रधान से संपर्क करने पोस्टकार्ड सुलभ करायेंगे एवं संस्था प्रधान समस्त प्रविष्टियों की जांच कर दस प्रविष्टियों को एमवॉयजीओवीडॉट पोर्टल पर स्कैन कर संबंधित स्कूल द्वारा अपलोड किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भारतीय डाक विभाग के सभी पोस्टकार्ड को स्पेशल बैग द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रेषित करेंगे। राज्य के अन्तर्गत स्टेट काउंसिल ओर एजुकेशन रिसर्च एवं ट्रेनिंग पोर्टल पर दस प्रविष्टियों को शोर्टलिस्ट करेगा। सीबीएसई ओर स्टेट बोर्ड की संयुक्त सूची में 75 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को अंतिम चयन के लिए सीबीएसई भेजेगा।

उन्होंने बताया कि 17 जनवरी 2022 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में चयनित छात्रों को प्रधानमंत्री के द्वारा सम्मानित करते हुए उनसे वार्ता की जाएगी। डूंगरपुर जिले में राज्य बोर्ड के सभी सैकेडरी तथा सीनियर सैकेडरी स्कूलों में 09 दिसम्बर 2021 को इसका आयोजन एक साथ किया जाएगा।

## भारत दिव्यांग रत्न से काब्जा के भट्ट सम्मानित



**सागवाड़ा।** वडताल श्री स्वामिनारायण मंदिर में आयोजित समारोह में राज्य स्तरीय पुरस्कृत हिमेश कुमार भट्ट पुत्र प्रकाश चन्द्र भट्ट निवासी काब्जा को शैक्षिक, सामाजिक व दिव्यांगता के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने पर विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित समारोह में गुजरात के राज्यपाल ने भारत दिव्यांग रत्न पुरस्कार प्रदान किया। भट्ट पूर्ण रूप से दिव्यांग है दिव्यांगता को अपनी कमजोरी नही मानते हुए समाज के हर पहलु से जुड़े हुए है। दिव्यांगों को समाज में आगे लाना उनका मूल कर्तव्य है। उन्हें राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर कई पुरस्करों से सम्मानित किया गया है।

## अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान का लाभ हर एक व्यक्ति को मिल रहा है -भगोरा

### डॉ भीमराव अंबेडकर निर्वाण दिवस

**डूंगरपुर।** भारत रत्न व संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के 6 दिसम्बर को निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में विविध आयोजन हुए। इसी क्रम में पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के नेतृत्व में डुंगरपुर कलेक्ट्री परिसर के बाहर गार्डन में स्तिथ बाबा साहेब की प्रतिमा पर सुबह माल्यार्पण किया गया इसके बाद गांधी आश्रम स्तिथ जिला कांग्रेस कार्यालय में बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया जहाँ मुख्यातिथि पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान का लाभ हर एक व्यक्ति को मिल रहा है ऐसे महान व्यक्ति की जन्मजयंती व पुण्यतिथि पर हम सभी का कर्तव्य होना चाहिए कि हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद करे। भगोरा ने कहा कि आमजन हेतु ऐसे महापुरुषों के मन मे जो देश भक्ति व प्रेम एवं देश के विकास की जो सोच थी इसे आगे बढ़ाते हुए इनके सपनो का भारत बनाएं ओर देश की एकता को कायम रखने के लिए हमेशा सामाजिक सरोकार का कार्य करते रहना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान लक्ष्मण कोटेड,जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुखदेव यादव, अंबेडकर वेल फेयर सोसायटी के जिलाध्यक्ष गोवर्धन यादव, मोहनलाल यादव,लक्ष्मण यादव, दिनेश यादव, मुकेश मौजूद थे।




## जिला अधयक्ष और जिला सचिव की सयुंक्त बैठक



**सागवाड़ा।** अखिल भारतीय रेबारी युवा सेवा सस्थान के केन्द्रीय मेनेजिग कमेटी और सभी जिला अधयक्ष और जिला सचिव की सयुंक्त बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष रतन लखावत की अध्यक्षता में समपन्न हुई।

सस्थान के राष्ट्रीय म हासचिव महेश गांगल ने बताया कि इस बैठक में सस्थान की वार्षिक सहयोग राशि जमा कराने, इस वर्ष का प्रतिभा सम्मान समारोह जनवरी माह में आयोजित करने, समाज को टीएसपी में 5% आरक्षण दिलाने हेतु सरकार को चेताने और प्रत्येक जिले में समाज के छात्रों हेतु छात्रावास निर्माण हेतु सरकार से रियायती दर पर भुमि आवटन कार्य को प्राथमिकता से पुरा करने पर गहन विचार विमर्श और रणनीति तैयार करते हुए अलग अलग कमेटी बना कर सभी की जिम्मेदारी तय की गई। सस्थान का इस वर्ष का प्रतिभा सम्मान समारोह, खेलकूद प्रतियोगिता, सास्कृतिक सधया, युवा भविष्य निर्माण सेमिनार का आयोजन डुगरपुर जिले के भीलुडा ढाणी में आहुत करने पर सहमति जताई गई और इस हेतु एक आयोजन कमेटी का गठन किया गया। बैठक में डुगरपुर, बासवाडा, उदयपुर जिले के विभिन्न पदाधिकारियों ने आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## समाज के सभी संगठन एक दूसरे के पूरक, सभी एकता और समन्वय स्थापित करें

### पाटीदार समाज के विभिन्न संगठनों की बैठक हुई

**सागवाड़ा।** पाटीदार समाज के सभी संगठनों तथा ट्रस्ट मण्डल, प्रगति मण्डल, पेंशनर्स समिति, खेल समिति, युवा सेवा समिति, विद्यानगर प्रबन्ध समिति की ट्रस्ट मण्डल के अगुवाई में महत्वपूर्ण संयुक्त समन्वय बैठक विद्यानगर पंचवटी में ट्रस्ट मण्डल अध्यक्ष प्रेमजी भाई करियाणा की अध्यक्षता में तथा चेयरमेन डायालाल पाटीदार विकासनगर के मुख्यातिथ्य में आयोजित हुई। विशिष्ठ अतिथि पाटीदार समाज प्रदेशाध्यक्ष डायालाल पाडवा, प्रगति मण्डल के जिलाध्यक्ष वासुदेव पाटीदार पाडवा, समाज के वरिष्ठ ट्रस्टी वेलचन्द पाटीदार सिलोही, पेंशनर्स समिति के जिलाध्यक्ष गोविंदराम विराट, खेल समिति के जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र पाटीदार अम्बाडा, युवा सेवा समिति के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार भेमई थे। ट्रस्ट मण्डल के मैनेजिंग ट्रस्टी गोपाल भाई जसेला ने स्वागत करते हुवें श्री गुजराती लेउवा पाटीदार समाज के समस्त प्रतिनिधि संगठनों से आव्हान किया कि आपस मे सभी समन्वय तथा तालमेल स्थापित कर काम करें। विद्यानगर सचिव देवीलाल पाटीदार नंदौड ने बैठक को दो चरणों में आयोजित करने की जानकारी दी। प्रथम चरण में ट्रस्ट मण्डल एवं उसके सभी संगठनों द्वारा चलाये जा रहे प्रकल्पों पर परिचर्चा करते हुए समाज विकास एवं उत्थान पर विचार विमर्श किया गया। मुख्यातिथि डायालाल विकासनगर ने कहा कि समाज के सभी संगठन एक दूसरे के पूरक है सभी आपसी एकता एवं समन्वय स्थापित करते हुवें समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान दे। कोई एक काम ले पर उसे पूरा करे। उसके बाद सभी संगठनों की अलग अलग कक्षों में कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सभी ने अपने सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर वार्षिक कार्ययोजना तैयार की। भोजनावकाश के बाद द्वितीय सत्र प्रारम्भ हुआ जिसमें सभी संगठनों के अध्यक्षों ने अपनी अपनी योजना की रूपरेखा समाज के सामने प्रस्तुत की और यह निश्चित किया गया कि काम थोड़ा हो पर पूरा हो। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तीन माह में समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। ट्रस्ट मण्डल ने सागवाड़ा में चार मंजिला मोल के शीघ्र निर्माण, छात्रालय रखरखाव की योजना रखी। प्रगति मण्डल ने समाज सुधार हेतु सभी चौखलों एवं क्षेत्रों में बैठक आहूत कर सामाजिक समितियों के गठन की योजना तथा वर्तमान महंगाई के युग में समाज में समूह लग्न आयोजन को अनिवार्य बताया। विद्यानगर प्रबन्ध समिति ने फ्लॉवर किड्स स्कूल एवं महाविद्यालय के नामांकन वृद्धि की योजना रखी। पेंशनर्स समिति ने वृद्धजनों हेतु नि:शुल्क आई केम्प आयोजित करने की योजना रखी। युवा सेवा समिति ने समाज का राजनैतिक प्रभाव बढाने के साथ चयनित प्रतिभाओं के लिए आरएएस, आईएएस कोचिंग केम्प की बात रखी। खेल समिति ने फ्लॉवर किड्स स्कूल, विद्यानगर कॉलेज तथा समाज के खिलाड़ियों के लिये कोचिंग कैम्प की योजना रखते हुए विद्यानगर पंचवटी में स्टेडियम, ट्रेक, तरणताल निर्माण एवं तीरंदाजी एकेडमी स्थापित करने की योजना रखी। इस अवसर पर पाटीदार समाज ट्रस्ट मण्डल द्वारा उदयपुर, डूंगरपुर एवं सागवाड़ा में संचालित छात्रालयों के वार्डन धनेश्वर पाटीदार पाडलिया की 50 वर्षों की श्रेष्ठ सेवाओं के लिये साफा उपरणा प्रतीक चिन्ह एवं नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन विद्यानगर सचिव देवीलाल नन्दोड़ तथा प्रगति मण्डल जिला महामंत्री मोहनलाल वान्दरवेड़ ने सयुक्त रूप से किया। आभार ट्रस्ट मण्डल के कोषाध्यक्ष रविशंकर पाटीदार घाटा का गांव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर लक्ष्मीशंकर चिखली, गोविन्द पाटीदार दिवडा छोटा, हरिविठ्ठल सिलोही, शिवलाल पाटीदार, डॉ. हितेश पाटीदार वान्दरवेड़, चन्द्रकान्त पाडलिया, लालशंकर नोगामा, प्रवीण धम्बोला, रमणलाल घोटाद, गणेशलाल पादरा, डायालाल घाटा का गांव, कुन्दन पाटीदार, विनोद पाटीदार सिलोही, रमेशचन्द्र पाडवा उपस्थित थे।

